RAF SECTOR
NEWS CLIP
30/09/2023

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
RAPID ACTION FORCE

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Panipat, (Haryana)

दंगा नियंत्रण ड्रिल का प्रदर्शन किया

पुलिस लाइन में रैपिड एक्शन फोर्ट के अधिकारी हथियारों कीजानकारी देते। ● सौ. पुलिस

जागरण संवाददाता, पानीपत : रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 194 बटालियन की प्लाटून ने परिचित अभ्यास के अंतिम दिन शुक्रवार को जिला पुलिस लाइन पानीपत में कम घातक हथियारों की प्रदर्शनी लगाई। इस मौके पर दंगा नियंत्रण ड्रिल का प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला पुलिस के जवानों को हथियारों के बारे में जानकारी दी गई। बता दें कि आरएएफ की प्लाटून 23 सितंबर से जिला पानीपत के विभिन्न थानों में जाकर भौगोलिक स्थिति व क्षेत्र में पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। ताकि भविष्य में होने वाली कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण पा सके। सुनील कुमार(उप- कमांडेंट) ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भविष्य में होने वाले दंगा व दंगा जैसी स्थिति से आसानी से निपटाने का है। इस मौके पर एएसपी मयंक मिश्रा, हीना बिंदलिश (प्रशासनिक अधिकारी) मनी त्यागी, सतीश कुमार(सहा. कमांडेंट), निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक धनराज यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव मौजूद रहे।

Mantra Bharat, Prayagraj, (UP)

आर ए एफ में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

फाफामऊ। शांतिपुरम स्थित आर ए एफ के तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़ा14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक मनाया गया जिसका समापन समारोह शुक्रवार को सम्पन्न किया गया।जैसा कि विदित है कि राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक वर्ष पूरे भारत वर्ष में ÷हिन्दी पखवाड़ा÷ का आयोजन किया जाता है। इसी उपलक्ष्य में 101 वाहिनी में अनेक हिन्दी कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- हिन्दी व्यवहार, हिन्दी कार्यशाला सत्रांत, हिन्दी टिप्पण आलेखन, हिन्दी टंकण का आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के कार्मिको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को हिन्दी पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिको को मनोज कुमार गौतम, कमांडेण्ट-101 आर.ए.एफ द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।उक्त अवसर पर कमांडेण्ट महादेय ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी मात्र एक भाषा नहीं है बल्कि यह भारत के लोगों को आपस में जोड़ने की मजबूत कड़ी है। हिन्दी की जड़े जितनी गहरी है, उतना ही समृद्ध इसका इतिहास भी है। हमें अपने कार्यालयी कार्य अधिक से अधिक हिन्दी भाषा में करना चाहिए।उक्त अवसर पर पुर्नवसु तिवारी, द्वि0कमा0अधि0, बृजेश कुमार दुबे. (उप कमा0), अरुण मिश्रा, (उप कमा0), अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

जिला पुलिस के जवानों को कम घातक हथियारों व एम्युनिशन के बारे में

आर.ए.एफ. ने हथियार-एम्युनिशन की प्रदर्शनी लगाकर जिला पुलिस के जवानों को दिया प्रशिक्षण

पानीपत, 29 सितम्बर (खर्ब): आर.ए..एफ. 194 बटालियन की प्लाटून ने परिचित अभ्यास के अंतिम दिन जिला पुलिस लाइन में कम घातक हथियारों व एम्युनिशन की प्रदर्शनी लगाकर जिला पुलिस के जवानों को कम घातक हथियारों व एम्युनिशन के बारे में जानकारी दी।

ज्ञात हो कि आर.ए.एफ. की प्लाटून 23 सितम्बर से जिले के विभिन्न थानों में जाकर वहां की भौगोलिक स्थिति व क्षेत्र में पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की ताकि भविष्य में होने वाली कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण कर सकें।

इसी क्रम में आज अंतिम दिन आर.ए.एफ. ने कम घातक हथियार व एम्युनिशन से मजमे को तितर-बितर करने के लिए उपयोग की विस्तृत जानकारी जिला पुलिस के जवानों को दिया। आर.ए.एफ. ने आधुनिक हथियार, उपकरण और उपयोग में आने वाले आधुनिक तकनीक से युक्त वाहनों की जानकारी भी दी। उप-कमांडैंट सुनील कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भविष्य में होने वाले दंगा व दंगा जैसी स्थिति से आसानी से निपटा जा सके और आर.ए.एफ. व पुलिस के बीच अच्छा सामंजस्य बनाना रहा है।

इस मौके पर ए.एस.पी. मयंक मिश्रा, हिना बिंदलिश, मनी त्यागी, सतीश कुमार सहा. कमांडैंट, निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक धनराज यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा आदि जवान मौजूद रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।